bharat

कार्यालय प्राचार्य,
शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

website- http://bilasagirlscollege.ac.in email- bilasagirlscollege_bilaspur@rediffmail.com Ph No./Fax- 07752-224249

क्रमांक 752/स्था./अति.व्या./2022 बिलासपुर, दिनांक 16/9/2022

विज्ञापन – अतिथि व्याख्याता भर्ती

अपर संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय अटल नगर, नवा रायपुर का पत्र क्र. 563/126/आउशि./राज स्था./2022 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 08.09.2022 के परिपालन में शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में सत्र 2022–23 के लिए महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदो के विरुद्ध निम्नांकित तालिका में उल्लेखित विषयों में अध्यापन व्यवस्था हेतु अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति के लिए दिनाक 26.09.2022 को सायं 05 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया जाता हैं। इच्छुक उम्मीदवार महाविद्यालय में शैक्षणिक योग्यता की पूर्ण जानकारी के साथ स्वयं का फोटो लगाकर समस्त प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति के साथ ए–4 साईज पेपर में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र में विषय का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक है। अपूर्ण आवेदन स्वमेव निरस्त माना जावेगा, एवम अलग–अलग विषयों के लिए पृथक– पृथक आवेदन करना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

रिक्त पदो का विवरण –

क्र.	विषय	पद संख्या	शैक्षणीक योग्यता
1	रसायनशास्त्र	01	उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार।
2	बी.सी.ए.(कम्प्यूटर एप्लीकेशन)	01	उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार।

अतिथि व्यख्याता की भर्ती निम्न शर्तो के अधीन होगी–

1. अतिथि व्याख्याता का चयन छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा निधारित मापदण्डों के अनुरुप प्रावीण्यता (वरीयता) के आधार पर किया जावेगा। संबंधित विषयो में स्नातकोत्तर की उपाधि में 55 प्रतिशत अंक अनिवार्य है। अजा.एवं अ.ज.जा. के आवेदकों के अंको का न्यूनतम प्रतिशत 50 होगा।
2. नेट/स्लेट/पी.एच–डी./एम.फिल योग्यताधारी आवेदकों को नियमानुसार वरीयता दी जावेगी।
3. शास. महाविद्यालय में अतिथि व्यख्याता के रुप में अध्ययापन अनुभव के लिये छ.ग. शासन उच्च शिक्षा द्वारा निर्धारित मेरिट अंक देय होगा।
4. अध्यापन कार्य हेतु मानदेय राशि, प्रति पीरियड 300/– प्रतिदिन अधिकतम 1200/– एवं प्रतिमाह अधिकतम 31200/– के सिलिंग के अधीन देय होगा।
5. शासन द्वारा नियमित/स्थानांतरण द्वारा प्राध्यापक/सहा.प्राध्यापक पदांकन हो जाने पर यह नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
6. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है। अतिथि व्याख्याताओं की सेवा केवल अध्यापन कार्य (सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक) के संपादन तक होगी। प्रायोगिक विषयों में व्याख्याता प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराने का भी दायित्व निभायेगा।
7. चयनित अतिथि व्यख्याताओं को इस आशय का शपथ पत्र कि उसके विरुद्ध पुलिस या न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण विचारधीन नहीं है, साथ ही वह किसी अन्य शासकीय/ अर्द्धशासकीय/अशासकीय सेवा में नहीं है, प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. अतिथि व्याख्याताओं को सत्र 2022–23 में केवल अध्यापन कार्य के संपादन हेतु प्राचार्य आवश्यकतानुसार रख सकेंगे।
9. किसी भी अतिथि व्याख्याता का अध्यापन कार्य एवं व्यवहार संतोषजनक नहीं रहा तो उसकी सेवायें समाप्त कर दी जायेगी और प्रावीण्य (वरीयता) सूची के अगले क्रम के अभ्यर्थी कों अध्यापन कार्य के लिए अवसर दिया जाएगा।
10. विभागाध्यक्ष/प्रभारी प्राध्यापक के निर्देशानुसार ऑफ–लाइन एवं ऑन–लाइन अध्यापन करना होगा।
11. अतिथि व्याख्याता की सेवाएँ भविष्य में नियमितिकरण का आधार नहीं बनेगा और न ही वे अधिमानिक बर्ताव (Preferential Treatment) के हकदार होंगे।

संयोजक
चयन समिति

प्राचार्य
शास. बिलासा कन्या स्नातकोतर
महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

PRINCIPAL, Govt. Bilasa Girls P. G. College BILASPUR (C. G.)

पृ क्रमांक 753 /स्था./अति.व्या./2022 बिलासपुर, दिनांक 16/9/2022

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, ब्लॉक सी–30, द्वितीय एवं तृतीय तल, नया रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।
2. प्राचार्य/रजिस्टार/विभागाध्यक्ष .... को सूचनार्थ। कृपया विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित करने का कष्ट करेगें।
3. संयोजक चयन समिति/कार्यालयीन प्रति।

O.C.

PRINCIPAL,
Govt. Bilasa Girls P, G. College
BILASPUR (C. G.)